# विश्व पर्यावरण दिवस : मेयर और नगर आयुक्त ने निगम अधिकारियों के साथ किया पौधारोपण

**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** नगर निगम ने विश्व पर्यावरण दिवस पर लोहिया नगर स्थित पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने क्षेत्रीय पार्षद सहित क्षेत्रीय निवासियों व निगम अधिकारियों के साथ पौधारोपण किया। शहर में लगभग 8 हजार से अधिक पौधे लगाए गए। क्षेत्रीय पार्षदों ने भी अपनी-अपने क्षेत्र में पार्कों में पौधारोपण अभियान चलाया। महापौर ने पौधारोपण करने के उपरांत उपस्थित जनों को और समस्त क्षेत्र वासियों को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने अधिक से अधिक शहर में ग्रीनरी बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक किया। नगर आयुक्त ने पौधा रोपण के उपरांत समस्त शहर वासियों से अधिक से अधिक पौधा रोपण करने की अपील की। ग्रीन गाजियाबाद क्लीन गाजियाबाद का संदेश दिया। साथ ही बताया कि गाजियाबाद नगर निगम का उद्यान विभाग पिछले 2 साल में लगभग 20 हैकटेयर से अधिक भूमि पर कूड़ा निस्तारण करते हुए पौधारोपण किया गया है। मियांवकी पद्धति से



3 लाख से अधिक पौधे लगाए गए थे, जो कि आज वृक्ष बन चुके है और शहर में विशाल अर्बन फॉरेस्ट डेवलप हुआ है। यही प्रक्रिया लगातार जारी है। गाजियाबाद नगर निगम उद्यान विभाग जन सहयोग से शहर में आगे भी बहुत बड़ी संख्या में पौधारोपण करने जा रहा है, जिसकी योजना प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज बना रहे है। क्षेत्रीय पार्षदों ने भी वृहद अभियान के रूप में पौधारोपण किया। इसके अलावा एक पेड़ मां के नाम की मुहिम को जारी रखने की जन-जन से भी अपील की गई।

## विश्व पर्यावरण दिवस एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिवस मनाया, 54 मातृशक्तियों का सम्मान

**मेरठ (शिखर समाचार)।** भारतीय मतदाता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं स्पेशल ओलंपियाड भारत के सदस्य तथा वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित आदेश फौजी के नेतृत्व में शुक्रवार को गांव कक्केपुर स्थित पंचायत भवन में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 54वां जन्मदिवस भी उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा नेता एवं कार्यक्रम संयोजक मंडल मंत्री जितेंद्र गोस्वामी द्वारा किया गया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 54 मातृशक्तियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकुमार त्यागी ने की, जबकि मंच संचालन प्रदीप शर्मा ने किया। अपने संबोधन में रामकुमार त्यागी ने कहा कि अनुशासित जीवन ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत और





अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। मुख्य वक्ता पंडित आदेश फौजी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संत एवं राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने प्रदेश में सुशासन, विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए वर्ष 2027 में पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में दीपक शर्मा, रवि बटजेवरा, संदीप प्रधान, योगेश गोस्वामी, सुमित वाल्मीकि, निमेष त्यागी, रविंद्र, रामकुमार त्यागी, धन सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक समरसता के संदेश के साथ हुआ।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान की गूंज, डीएम, सीडीओ, एसपी सहित अधिकारियों ने किया पौधारोपण





**हापुड़ (शिखर समाचार)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद भर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत व्यापक स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। विभिन्न सरकारी कार्यालयों, संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सामाजिक संगठनों ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी कविता मीना और मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा ने संयुक्त रूप से पौधारोपण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने प्लास्टिक के उपयोग को कम कर मिट्टी के बर्तनों को अपनाने का भी संदेश दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में प्रधानाचार्य शैलेन्द्र कुमार और जिला समन्वयक माध्यमिक दीपा तोमर ने पौधारोपण किया तथा लोगों से एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। पुलिस कार्यालय परिसर में पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय सिंह ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं जनपद के सभी क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारियों ने भी अपने अपने थाना परिसरों में पौधे लगाए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बीएसए दीपा भाटी ने पौधारोपण करते हुए कहा कि पौधों की देखभाल बच्चों की तरह की जानी चाहिए, तभी पर्यावरण संरक्षण का उद्देश्य सफल होगा। हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा आनंद विहार ई-ब्लॉक स्थित पार्क में विशेष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक विजयपाल आढ़ती और उपाध्यक्ष मुकेश चंद्रा ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिला पंचायत कार्यालय परिसर में जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर ने पौधारोपण कर उपस्थित लोगों को पौधों की देखभाल और संरक्षण की शपथ दिलाई। वहीं मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा ने भी अपने कार्यालय परिसर में पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने की अपील की। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित इन कार्यक्रमों के दौरान वक्ताओं ने केवल पौधे लगाने ही नहीं, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण को भी उतना ही महत्वपूर्ण बताया।

## आरोग्य हॉस्पिटल बना जीवन का सहारा, 1 किलो के नवजात से स्नेक बाइट पीड़ित तक को मिला नया जीवन

**हापुड़ (शिखर समाचार)।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में आरोग्य हॉस्पिटल लगातार नई मिसाल कायम कर रहा है। अस्पताल में हाल के दिनों में कई ऐसे गंभीर मामलों का सफल उपचार किया गया है, जिन्हें लोग किसी चमत्कार से कम नहीं मान रहे। एक किलो के प्रीमैच्योर नवजात को नया जीवन देने से लेकर हार्ट पेशेंट महिला की सुरक्षित डिलीवरी और स्नेक बाइट पीड़ित बच्ची की जान बचाने तक, अस्पताल ने मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।



**एक किलो के नवजात को मिला नया जीवन**

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मेजर मयंक दीक्षित की निगरानी में मात्र एक किलो वजन के प्रीमैच्योर नवजात का सफल उपचार किया गया। विशेष देखभाल और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के चलते नवजात अब पूरी तरह स्वस्थ है।

**हार्ट पेशेंट महिला की सुरक्षित डिलीवरी**

महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. मीनू सैनी और डॉ. पराग शर्मा की टीम ने हृदय रोग से पीड़ित महिला की सफल डिलीवरी कराकर मां और बच्चे दोनों को सुरक्षित रखा। इस चुनौतीपूर्ण मामले की सफलता को चिकित्सा क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

**स्नेक बाइट पीड़ित बिटिया को मिला नया जीवन**

सांप के काटने से गंभीर हालत में अस्पताल पहुंची एक निर्धन परिवार की बेटी का समय रहते उपचार किया गया, जिससे उसकी जान बच सकी। परिवार ने अस्पताल के चिकित्सकों और स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

**जहर सेवन के मामलों में भी मिली राहत**

अस्पताल में जहरीले पदार्थ के सेवन या उसके संपर्क में आने वाले कई युवक-युवतियों का भी सफल उपचार किया गया। समय पर चिकित्सा मिलने से अनेक मरीजों को नया जीवन मिला।

**अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है अस्पताल**

अस्पताल के चिकित्सक डॉ. पराग शर्मा ने बताया कि आरोग्य हॉस्पिटल में एएउढ, सीटी स्कैन और ब्लड से जुड़ी सभी आधुनिक जांच सुविधाएं उपलब्ध हैं। साथ ही बड़े शहरों के अनुभवी चिकित्सक भी समय-समय पर मरीजों को परामर्श देने आते हैं। उनका कहना है कि अस्पताल का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीज को तत्काल और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि लोगों को इलाज के लिए बड़े शहरों का रुख न करना पड़े।

**रक्तदान सेवा में भी अग्रणी**

समाजसेवी राजकुमार शर्मा रक्तदान और ब्लड उपलब्ध कराने के कार्य में लगातार सक्रिय हैं। आपातकालीन परिस्थितियों में जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराकर अनेक लोगों की मदद की जा रही है।

**भीषण गर्मी में बरतें सावधानी**

चिकित्सकों ने लोगों को सलाह दी है कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें, पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं, हरी सब्जियों और फलों का सेवन करें तथा बाहर जाते समय सिर को कैप या हेलमेट से अवश्य ढकें। किसी भी मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति में आरोग्य हॉस्पिटल की 24 घंटे संचालित हेल्पलाइन 9520995577 पर संपर्क किया जा सकता है।

## पिलखुवा में गरजा एचपीडीए का बुलडोजर, 42 हजार वर्गमीटर अवैध प्लाटिंग ध्वस्त, कालोनाइजरों और अवैध निर्माणकताओं में मचा हड़कंप



**हापुड़ (शिखर समाचार)।** हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण (एचपीडीए) ने अवैध निर्माण और प्लाटिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पिलखुवा क्षेत्र में पांच स्थानों पर लगभग 42 हजार वर्गमीटर में विकसित की जा रही अवैध प्लाटिंग को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। साथ ही 300 वर्गमीटर में बने एक अवैध व्यावसायिक निर्माण को सील कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष मुकेश चंद्रा के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई में ग्राम खेड़ा धौलाना रोड पर 5 हजार वर्गमीटर, रेलवे फाटक-58 के निकट 19 हजार वर्गमीटर, ग्राम खेड़ा में 5 हजार वर्गमीटर, रेलवे फाटक-58 के पास अन्य 5 हजार वर्गमीटर तथा परतापुर रोड पर 8 हजार वर्गमीटर में की जा रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। इसके अलावा ग्राम खेड़ा धौलाना रोड पर अवैध रूप से निर्मित एक व्यावसायिक भवन को सील कर दिया गया। एचपीडीए की इस कार्रवाई से अवैध निर्माणकताओं और कालोनाइजरों में हड़कंप मच गया है। प्रभारी सचिव एवं सक्षम अधिकारी अमित कादियान ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि बिना स्वीकृत मानचित्र के किसी भी प्रकार का निर्माण और प्लाटिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्राधिकरण लगातार अवैध निमार्णों और कालोनियों की पहचान कर रहा है तथा उनके विरुद्ध सीलिंग और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने आम जनता से अपील की कि किसी भी निर्माण कार्य या प्लाटिंग से पहले प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत अवश्य कराएं, अन्यथा नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# गाजियाबाद को ग्रीन सिटी बनाने की दिशा में जीडीए का बड़ा कदम: विश्व पर्यावरण दिवस पर 1.5 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य

आरव शर्मा

**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने शहर के पर्यावरणीय संतुलन को सुधारने और हरित क्षेत्र (ग्रीन कवर) को विस्तार देने के लिए एक व्यापक वृक्षारोपण महाभियान का शंखनाद किया है। कंक्रीट के जंगल में तब्दील हो रहे शहर को फिर से सांस लेने योग्य और हरा भरा बनाने के लिए प्राधिकरण ने नए पार्कों के विकास और पुराने पार्कों के कायाकल्प की योजना को अब पूरी रफ्तार दे दी है।







शुक्रवार, 5 जून 2026 को संजयनगर स्थित शिल्प उद्यान में जीडीए सचिव ने पौधा लगाकर इस अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। इस मौके पर प्राधिकरण के अपर सचिव, वित्त नियंत्रक, विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी)-1 और 2 तथा मुख्य अभियंता समेत तमाम अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी पौधे रोपे और पर्यावरण संरक्षण का कड़ा संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सचिव ने उपस्थित पूरे स्टाफ को पर्यावरण रक्षा की शपथ दिलाई। सभी ने एक स्वर में प्राकृतिक संसाधनों, वनों, झीलों, नदियों और वन्य जीवों के संरक्षण के साथ साथ प्रकृति के सभी जीवों के प्रति दया और संवेदनशीलता रखने का संकल्प लिया।

**इन अहम मुद्दों पर रहा विशेष जोर**

यह कार्यक्रम केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि भविष्य की पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने की रणनीति पर भी केंद्रित रहा। गिरते भू-जल स्तर को रोकने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग को जमीनी स्तर पर बढ़ावा देने और सूख चुके प्राकृतिक जलाशयों व झीलों को पुनर्जीवित करने पर खास बल दिया गया। इसके अलावा, पेड़ों के अवैध कटान पर सख्त रोक लगाने और शहर में चल रहे निर्माण कार्यों के कारण उड़ने वाली धूल व प्रदूषण को रोकने के लिए प्रभावी नियंत्रण तंत्र विकसित करने की कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

**वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए तय किया गया बड़ा लक्ष्य**

शहर की आबोहवा बदलने के लिए जीडीए ने चालू वित्तीय वर्ष में कुल 1,50,000 पौधे लगाने का विशाल लक्ष्य निर्धारित किया है। इसमें से 1,00,000 पौधे प्राधिकरण अपने संसाधनों से उपलब्ध स्थलों पर स्वयं लगाएगा। शेष लक्ष्य को स्थानीय जनसहभागिता, सामाजिक संस्थाओं और समन्वित प्रयासों के माध्यम से पूरा किया जाएगा। पर्यावरण दिवस के अवसर पर अभियान के पहले दिन शिल्प उद्यान सहित प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं और कॉलोनियों में करीब 1,000 पौधे रोपे गए। जीडीए ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे इस मुहिम में सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, ताकि गाजियाबाद को एक स्वच्छ, हरित और पर्यावरण अनुकूल शहर के रूप में एक नई पहचान दिलाई जा सके।

## 09 वर्षीय बच्ची से अश्लील हरकत का आरोपी गिरफ्तार, सिम्भावली पुलिस की त्वरित कार्रवाई

**गढ़मुक्तेश्वर/सिम्भावली (शिखर समाचार)।** सिम्भावली पुलिस ने 09 वर्षीय बच्ची को बंद कमरे में ले जाकर अश्लील हरकत करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए वांछित नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट एवं बीएनएस की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। पुलिस के अनुसार अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिम्भावली पुलिस ने मु0अ0सं0 136/25, धारा 74, 75 बीएनएस तथा 9(ट)/10 पॉक्सो एक्ट में वांछित आरोपी को नवादा कट के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नदीम पुत्र नफीस, निवासी गली नंबर-3, हरोड़ा मोड़, कस्बा व थाना सिम्भावली, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया के तहत अग्रिम वैधानिक कार्रवाई के लिए भेज दिया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अशोक कुमार, महिला कांस्टेबल रीना चौधरी तथा कांस्टेबल आकाश कुमार शामिल रहे। सिम्भावली पुलिस की त्वरित कार्रवाई से आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर पीड़ित पक्ष को राहत मिली है।



## यौन उत्पीड़न कानून 2013 : आंतरिक समिति की बैठक गाज़ियाबाद की पीटीसी कंपनी में हुई संपन्न



**गाज़ियाबाद (शिखर समाचार)।** कार्यस्थल पर महिला कर्मचारियो के यौन उत्पीड़न कानून 2013 के सम्बन्ध मे आंतरिक समिति की बैठक गाज़ियाबाद की पीटीसी कंपनी में सम्पन्न हुई, जिसमे एसएमई गुरुकुल फाउंडेशन एनजीओ की तरफ से रीचा कंचन ने कंपनी की सभी महिला और पुरुष को कानून के बारे जानकारी दी।कार्यस्थल पर आंतरिक शिकायत समीती के सदस्यों को समझाया की यदि किसी महिला कर्मचारी को इस प्रकार की कोई शिकायत है तो वह घटना घटित होने के तीन माह के अंदर अपनी लिखित शिकायत समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगी। समिति का दायित्व होगा की वह तत्काल इस सम्बन्ध मे आवश्यक बैठक बुलाकर प्राप्त शिकायत पत्र मे उल्लिखित बिन्दुओ पर छानबीन करके, उसका समाधान करने का प्रयास करेगी। यदि समिति का प्रयास विफल हो जाता हो तो तत्काल इस शिकायत के सम्बन्ध मे प्रबंधक / प्रबंधन के उच्चाधिकारी को संपर्क करके उसका समाधान का प्रयास कराया जायेगा। यदि समस्या का समाधान नहीं हो तो प्रबंधक / प्रतिष्ठान के उच्चाधिकारी इस सम्बन्ध मे आवश्यक कार्यवाही लागू सेवा शर्तो / स्थायी आदेश के प्राविधानों के अनुसार समुचित कार्यवाही करेगा। यह भी आवश्यक होगा की इस प्रकार की शिकायतों के निस्तारण तथा बैठकों की वार्षिक विवरण क्षेत्र के जिला अधिकारी के कार्यालय में प्रत्येक वर्ष की 15 जनवरी तक जमा करना अनिवार्य है अन्यथा कंपनी के ऊपर दंड के भी प्रावधान है। मिनिस्ट्री ऑफ महिला एव बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार की (SHE BOX PORTAL) पर रजिस्ट्रेशन करवाना और शिकायतों के निस्तारण तथा बैठकों की वार्षिक विवरण अपलोड करना अनिवार्य है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर मोदीनगर में हुआ व्यापक पौधारोपण



**मोदीनगर (शिखर समाचार)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मोदीनगर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। तहसील परिसर से लेकर औद्योगिक इकाइयों तक पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सैकड़ों पौधे लगाए गए। तहसील मुख्यालय पर उप जिलाधिकारी अजीत कुमार सिंह ने अधिवक्ताओं के साथ मिलकर परिसर में छायादार पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल औपचारिकता नहीं है, बल्कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करना भी सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ-साथ उनके संरक्षण पर भी विशेष ध्यान देना आवश्यक है। वहीं, मोदी इंडस्ट्रीज लिमिटेड, मोदी शुगर मिल तथा मोदी डिस्टिलरी फैक्ट्री परिसर में भी सैकड़ों पौधे लगाए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक आबकारी आयुक्त गाजियाबाद शिशुपाल सिंह तथा जिला गन्ना अधिकारी सुशील कुमार ने संयुक्त रूप से किया। सहायक आबकारी आयुक्त शिशुपाल सिंह ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से बचाव और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए व्यापक स्तर पर पौधारोपण जरूरी है। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के बाद उनकी सुरक्षा और देखभाल सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। जिला गन्ना अधिकारी सुशील कुमार ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध और संतुलित बनाए रखने में देश के किसानों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने किसानों को पर्यावरण संरक्षण का सबसे बड़ा सहभागी बताया। मोदी इंडस्ट्रीज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एन.पी. बंसल ने कहा कि संस्थान के सभी अधिकारी और कर्मचारी लगाए गए पौधों के संरक्षण और रखरखाव की जिम्मेदारी पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे, ताकि भविष्य में ये पौधे बड़े वृक्ष बनकर पर्यावरण को लाभ पहुंचा सकें। इस अवसर पर वेदपाल सिंह मलिक, राजीव गुप्ता, प्रवीण शर्मा, राहुल त्यागी, डी.डी. कौशिक, सुरेश शर्मा, अनिल गुप्ता, नवल किशोर गुप्ता सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पिता की पिटाई का बदला लेने के लिए हुई थी ओमकार की हत्या, पुलिस ने फिर से किया 50 हजार का ईनामी गिरफ्तार

**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** लोनी पुलिस ने ओमकार की मिसिंग हिस्ट्री को खोल दिया है। ओमकार की गोली मारकर हत्या पिता की बेजती का बदला लेने के लिए की गई थी। पुलिस ने इस घटना के आरोप में एक बार फिर से 50 हजार के ईनामी मोहित को गिरफ्तार किया है, जबकि पुलिस 50 हजार के अन्य फरार चल रहे 5 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। लोनी पुलिस अब तक इस पूरे घटनाक्रम में 17 अभियुक्तों को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। संवाददाता सम्मेलन में डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया कि बीती 30 मई 2026 को सुरेंद्र ने ओमकार के गोली मारकर अपहरण कर ले जाने की शिकायत पुलिस को दी थी। पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दीजिए। पुलिस ने इस प्रकरण में 12 अभियुक्त को गिरफ्तार करके जेल भेजा था और प्रकाश में आए सभी नाम के ऊपर 50 हजार का ईनाम घोषित किया था। पुलिस ने मोहित को गिरफ्तार किया है, जिसने पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया है। वही ओमकार के शव को बरामद करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि देवेश और सौरभ का झगड़ा हुआ था। झगड़े की पंचायत ओमकार के घर हुई थी। पंचायत के दौरान ओमकार ने सौरभ के पिता की बेजती करते हुए मारपीट की थी। मारपीट का बदला लेने के लिए सौरभ ने ओमकार की हत्या का षड्यंत्र रचा था। उन्हें पता था कि सुबह के समय ओमकार चारा लेने के लिए जाता है। इसलिए उन सभी ने बैठकर रात में शराब पी और ओमकार के आते ही उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। उसके शव को उन्होंने गाड़ी में डालकर नहर में फेंक दिया था।



## संक्षिप्त समाचार

### साइकिल चालकों ने दिया पर्यावरण का संदेश

**लखनऊ, एजेंसी।** लविवि के ईआईएसीपी केंद्र और वन्यजीव विज्ञान संस्थान ने नीवा फाउंडेशन के सहयोग से बुधवार को विश्व साइकिल दिवस पर साइकिल रैली का आयोजन किया। यह रैली विश्व पर्यावरण दिवस के सप्ताहभर चलने वाले उत्सवों का हिस्सा थी। रैली को लविवि के गेट संख्या तीन से समन्वयक अमिता कनौजिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साइकिल चालकों ने यहां से जनभवन तक यात्रा की और फिर विवि परिसर लौटे। 120 साइकिल चालकों ने भाग लिया। प्रतिभागियों में वरिष्ठ प्रोफेसर, संकाय सदस्य, शोधार्थी, छात्र, पुलिस कर्मी और एम्बुलेंस सेवा कर्मचारी शामिल थे। लविवि परिसर में पौधरोपण अभियान भी चलाया गया। इस दौरान डॉ. विनीत मैक्सवेल डेविड, डॉ. विनीत, मुख्य प्रॉक्टर असीश अवस्थी और नीवा फाउंडेशन के निदेशक केएम द्विवेदी आदि मौजूद रहे। पर्यावरण सप्ताह समारोहों के तहत लविवि परिसर में पौधरोपण अभियान भी चलाया गया। पुराने परिसर के सभी 18 छात्रावासों में शमी, सिंदूर और सावनी के तीन-तीन पौधे लगाए गए। प्राणी विज्ञान विभाग और अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय में भी छह-छह पौधे लगाए गए।

### टीजीटी के पहले ही दिन चार सॉल्वर गिरफ्तार, एफआईआर दर्ज

**लखनऊ, एजेंसी।** चार साल बाद शुरू हुई प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक परीक्षा (टीजीटी) में पहले ही दिन राजधानी के चार केंद्रों पर अभ्यर्थियों की जगह पेपर देने पहुंचे चार सॉल्वरों को पकड़ा गया है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पूछताछ कर रही है। एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल ने बताया कि बप्पा श्रीनारायण गर्ल्स इंटर कॉलेज केंद्र पर विजय प्रताप सिंह नामक अभ्यर्थी की जगह जौनपुर के मीरगंज के निवासी राजेश प्रताप सिंह को परीक्षा देने से पहले पकड़ा गया। हुसैनगंज थाने की पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर नाका अभिनव वर्मा ने बताया कि डीएवी डिग्री कॉलेज मोतीनगर केंद्र पर अभ्यर्थी अवध राज यादव की जगह परीक्षा देने पहुंचे प्रयागराज के कटेहरी सराय ममरेज निवासी रंग बहादुर को पकड़ा गया। एसीपी महानगर अंकित वर्मा ने बताया कि आर्यकन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में प्रयागराज सराय आलम निवासी अभ्यर्थी अमरजीत सिंह की जगह परीक्षा देने पहुंचे आजमगढ़ शमशाबाद अहरौला निवासी मंतेश सिंह को पकड़ा गया। एसीपी कैसरबाग नौरतन गौतम ने बताया कि अमीनाबाद स्थित विद्यांत हिंदू इंटर कॉलेज में अभ्यर्थी जितेंद्र सिंह यादव की जगह परीक्षा देने पहुंचे अंबेडकरनगर के बसखारी ग्राम अरुसा आजमपुर निवासी राम मनुज को पकड़ा गया।

### पुलिस ने थाने बुलाकर की ड्रोन संचालकों से पूछताछ

**मेरठ, एजेंसी।** छावनी क्षेत्र में 30 मई की रात संदिग्ध ड्रोन मंडराते दिखने के बाद सेना और पुलिस अलर्ट हैं। बुधवार को क्षेत्र में ड्रोन का संचालन करने वाले लोगों को सदर बाजार थाने बुलाकर पूछताछ की गई। हालांकि अब तक संदिग्ध ड्रोन की जानकारी नहीं मिली है कि वह कहां से आए थे और उनका मकसद क्या था। सीओ कैंट एएसपी नवीना शुक्ला ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर एक विशेष अभियान शुरू किया गया है। इसके अंतर्गत ड्रोन संचालकों की गतिविधियों की निगरानी और सत्यापन किया जा रहा है। छावनी सर्किल के थाना सदर बाजार, लालकुर्ती और रेलवे रोड पर तीन-तीन विशेष टीमें गठित की गई हैं। पहली टीम सेना के अधिकारियों के सहयोग के लिए नियुक्त की गई है। दूसरी टीम शादी-विवाह और अन्य आयोजनों में ड्रोन वीडियोग्राफी का सत्यापन कर रही है। तीसरी टीम व्यक्तिगत उपयोग के लिए बिना पंजीकरण या अनुमति के ड्रोन रखने वालों का सत्यापन कर रही है। थाना सदर बाजार में कई ड्रोन संचालकों को बुलाकर उनके उपकरणों की जांच की गई और सत्यापन किया गया। पता चला कि कुछ कृषि अनुसंधान केंद्र बड़े ड्रोन के संचालन का प्रशिक्षण दे रहे हैं। यह प्रशिक्षण खाद और कीटनाशक छिड़काव जैसे कृषि कार्यों के लिए दिया जा रहा है। पुलिस इन प्रशिक्षुओं की जानकारी प्राप्त कर उनका भी सत्यापन करेगी।

**अब तक याद है वो खौफनाक रात**

# एक हैवान था और तीन लाशें, घर में बिखरा था खून-खून

**कानपुर, एजेंसी।** महोबा जिले में पत्नी और दो बेटियों की सिलबट्टे से कूंचकर हत्या करने वाला देवेंद्र दो बार पहले भी जान देने की कोशिश कर चुका है। अब अदालत ने उसे फांसी की सजा सुनाई है। घटना अंजाम देने के बाद आत्मग्लानि में ट्रेन से कटने पहुंचे देवेंद्र को पुलिस ने पकड़ लिया था। इसके बाद अगस्त 2025 में देवेंद्र ने उप कारागार में अंगोछा से फंदा लगाकर जान देने की कोशिश की थी।

समदनगर निवासी देवेंद्र विश्वकर्मा ने 17 जुलाई 2023 की रात पत्नी रामकुमारी, दो बेटियों आयुषी व सोनाक्षी की सिलबट्टे से कूचकर हत्या कर दी थी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी को पछतावा हुआ और वह स्वयं ट्रेन के आगे कूदकर जान देने के लिए महोबा रेलवे स्टेशन के पास पहुंच गया था। मरने के बाद उसकी शिनाख्त हो सके इसके लिए उसने शर्ट पर पेन से अपना नाम लिखा था।





**अंगोछा से लगा लिया था फंदा :** इसी दौरान पुलिस वहां पहुंच गई थी और देवेंद्र को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेजा था। अगस्त 2025 में देवेंद्र ने उप कारागार महोबा में अंगोछा से फंदा लगा लिया था। हालांकि जेल पुलिसकर्मियों ने उसे समय रहते फंदे से नीचे उतार लिया था। बुधवार को अदालत ने अभियुक्त देवेंद्र को मृत्युदंड की सजा सुनाई।

**तीनों के सिर की तोड़ दी थीं हड्डियां :** शराब के नशे में घर पहुंचे देवेंद्र ने 17 जुलाई 2023 की रात पत्नी व दो बेटियों की बेरहमी से हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई थी। देवेंद्र ने न सिर्फ सिल-बट्टे से तीनों के सिर कूचे थे बल्कि चारपाई के पाये से हमला कर सिर की सभी हड्डियां तोड़ दी थीं। घटना वाले दिन जिसने भी यह माजरा देखा उसके रौंगटे खड़े हो गए थे। पत्नी से मामूली विवाद और नशे में देवेंद्र ने अपने हंसते-खेलते पूरे परिवार को पलभर में खत्म कर दिया था।

जनपद न्यायालय में तिहरे हत्याकांड के मामले में सजा सुनाई गई। इस दौरान आरोपी व मृतका पक्ष का कोई व्यक्ति मौजूद नहीं रहा। अधिवक्ताओं में इसको लेकर चर्चा होती रही। फोन पर हुई वार्ता में मृतका रामकुमारी के पिता हरिप्रसाद पांचाल ने कहा कि अदालत ने देवेंद्र को फांसी की सजा सुनाई है। इस जघन्य अपराध में यही सजा होनी चाहिए थी। उन्हें इंसाफ मिला है। 12 साल पहले देवेंद्र की शादी रामकुमारी से हुई थी। शुरू में उसका व्यवहार ठीक था लेकिन बाद में वह मारपीट करने लगा था।

पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने बताया कि ऑपरेशन कॉन्विकशन के तहत प्रभावी पैरवी से बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए एक माह के अंदर चार्जशीट दाखिल कर दी थी। झांसी में निरुद्ध अभियुक्त देवेंद्र विश्वकर्मा की समय से लगातार न्यायालय में पेशी कराई गई और अन्य साक्ष्यों को न्यायालय में समय से दालिख किया गया। न्यायालय ने देवेंद्र को मृत्युदंड की सजा सुनाई है।

शहर के मोहल्ला समदनगर निवासी देवेंद्र कपड़ों की फेरी लगाता था। शराब का लती होने से उसका पत्नी रामकुमारी से आए दिन विवाद होता था। अभियोजन के मुताबिक 17 जुलाई 2023 को देवेंद्र शराब पीकर घर आया। रोटी मोटी होने और सब्जी में नमक कम होने की बात कहकर पत्नी से झगड़ने लगा।

### कब-कब क्या हुआ

- 17 जुलाई 2023 की रात घटना हुई।
- 18 जुलाई 2023 को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई।
- 24 अगस्त 2023 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किए गए।
- एक नवंबर 2023 को न्यायालय ने आरोप तय किए।
- 13 दिसंबर 2023 को साक्ष्य दाखिल किए गए।
- 27 मई 2026 को निर्णय सुरक्षित रखा गया।
- तीन जून 2026 को अदालत ने फैसला सुनाया।

### जिले में फांसी की सजा का चौथा मामला

जघन्य अपराध में न्यायालय की ओर से जिले में फांसी की सजा सुनाने का यह चौथा मामला है। इससे पहले तीन दोषियों को फांसी की सजा सुनाई जा चुकी है। जिला शासकीय अधिवक्ता प्रमोद कुमार पालीवाल ने बताया कि 15 साल पहले अलग-अलग मामलों में तीन लोगों को फांसी की सजा सुनाई गई थी। अब तिहरे हत्याकांड में अभियुक्त देवेंद्र विश्वकर्मा को मृत्युदंड की सजा हुई है।

### ये था पूरा मामला

महोबा कोर्ट ने सिलबट्टे से कूचकर पत्नी व दो बेटियों की हत्यारे को फांसी की सजा सुनाई। 50 हजार का जुर्माना भी किया। करीब तीन साल पुराने इस मामले में बुधवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी अपर्णा त्रिपाठी द्वितीय ने फैसला सुनाया कि दोषी देवेंद्र विश्वकर्मा को तब तक फांसी के फंदे पर लटकाया जाए जब तक उसकी मृत्यु न हो जाए।

## शामली में लगाए गए 2.12 लाख पौधे, एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिलेभर में हुआ व्यापक वृक्षारोपण

**शामली (शिखर समाचार)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद शामली में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। विभिन्न विभागों के सहयोग से जिले भर में कुल 2 लाख 12 हजार पौधे लगाए गए। ग्राम किवाना में आयोजित कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) वीरेंद्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष रामजी लाल कश्यप, खंड प्रमुख (ब्लॉक प्रमुख) विनोद मलिक तथा अन्य



अधिकारियों ने पौधरोपण किया। वहीं, अटल पार्क शामली में विधान परिषद सदस्य मोहित बेनीवाल तथा कंडेला औद्योगिक क्षेत्र में नगर विधायक (सदर विधायक) प्रसन्न चौधरी ने वृक्ष लगाए। कार्यक्रमों में पर्यावरण संरक्षण, जल स्रोतों की स्वच्छता, प्लास्टिक प्रदूषण में कमी तथा नदियों के संरक्षण का संदेश दिया गया। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

## मोबाइल दुकान में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद



**बिजनौर (शिखर समाचार)।** किरतपुर थाना पुलिस ने एक मोबाइल दुकान में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए कई मोबाइल, ब्लूटूथ (नजदीकी संचार यंत्र) और अन्य सामान बरामद कर लिया है।

किरतपुर के मोहल्ला हसनपुरा निवासी मोहम्मद इनाम ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया था कि दो-तीन जून की रात को अज्ञात चोरों ने चौराहे पर स्थित उसकी मोबाइल दुकान को निशाना बनाया। चोर दुकान से छप्पन हजार रुपये की नकदी, सोलह स्मार्टफोन (चतुर फोन) और छह कीपैड फोन (बटन वाले फोन) चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी थी। घटना के खुलासे के लिए किरतपुर पुलिस ने शक के आधार पर मोहल्ला अफगानान निवासी सलमान पुत्र नूर हसन को हिरासत में लिया। जब पुलिस ने सलमान से सख्ती से पूछताछ की, तो उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने आठ मोबाइल फोन और भारी मात्रा में मोबाइल के सहायक उपकरण (एसेसरीज) बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि शेष माल की तलाश और अन्य संभावित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जारी है।

## नगर पंचायत परिसर में पौधरोपण कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**बुढ़ाना/मुजफ्फरनगर (शिखर समाचार)** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुढ़ाना नगर पंचायत परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। नगर पंचायत में शुक्रवार को पर्यावरण दिवस मनाते हुए अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन एवं लिपिक सतीश कुमार ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन ने कहा कि स्वच्छता एवं हरित वातावरण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र में हरियाली को



बढ़ावा देना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाना है। पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी निरंतर देखभाल और संरक्षण भी आवश्यक है। एक स्वच्छ, स्वस्थ और हरित वातावरण के निर्माण के लिए जन भागीदारी बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सफाई मित्रों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण तथा नियमित देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर सुमित शर्मा, शाह आलम, दिनेश सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कभी थे मेरठ के पुलिस अफसर, आ रहे हैं प्रभारी मंत्री बनकर, साझा की दिल की बात



**मेरठ, एजेंसी।** जिले का नया प्रभारी मंत्री नियुक्त किए जाने के बाद समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने सोशल मीडिया पर मेरठ की जनता के नाम दिल को छू लेने वाला संदेश साझा किया है। फेसबुक पोस्ट में उन्होंने कहा कि मेरठ की जिम्मेदारी संभालना उनके लिए केवल एक दायित्व नहीं है, बल्कि यह उनके जीवन का सबसे सौभाग्यशाली और भावुक कर देने वाला अवसर है। इसलिए कि मेरठ से उनका और उनके परिवार का पीढ़ियों पुराना रिश्ता है।

**पिता की कानून-व्यवस्था की विरासत से जुड़ा नाता :** प्रभारी मंत्री ने इस पोस्ट में अपने पिता पूर्व पुलिस महानिदेशक दिवंगत श्रीराम अरुण की विरासत को याद किया। बताया कि साल 1967 में उनके पिता मेरठ के पुलिस अधीक्षक देहात थे। यह वह दौर था जब आज का गाजियाबाद, बागपत, हापुड़ और गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) भी मेरठ जिले का ही हिस्सा हुआ करते थे। इसके बाद साल 1987 के भीषण सांप्रदायिक दंगों के दौरान उनके पिता को पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ बनाकर भेजा गया था। उन्होंने अपनी सूझबूझ और कड़ाई से न केवल मेरठ में शांति बहाल की, बल्कि अगले तीन वर्षों तक जनता की सेवा कर यहां के लोगों के दिलों में अमिट जगह बनाई।

**एएसपी के रूप में मेरठ से शुरू हुआ था असीम अरुण का सफर :** पिता के पदचिह्नों पर चलते हुए असीम अरुण का खुद का पुलिसिंग कॅरिअर भी मेरठ से ही शुरू हुआ था। 1996 से 1998 तक वह मेरठ में सहायक पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात रहे। अपनी पहली पोस्टिंग के दिनों को याद करते हुए उन्होंने लिखा कि वह अल्हड़पन और सीखने का दौर था। युवा होने के नाते कुछ गलतियां भी हुईं, लेकिन मेरठ ने हमेशा एक अभिभावक की तरह मुझे सिखाया और सीने से लगाया।

**आज शाम छह बजे सर्किट हाउस में होगा भव्य स्वागत :** वर्षों बाद मेरठ की सेवा का दोबारा मौका मिलने पर असीम अरुण ने कहा कि ऐसा लगता है जैसे मैं किसी पद पर नहीं, बल्कि अपने ही घर लौट रहा हूं। प्रभारी मंत्री के रूप में असीम अरुण बृहस्पतिवार की शाम छह बजे मेरठ के सर्किट हाउस पहुंचेंगे। भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष डॉ. चरण सिंह लिसाड़ी का कहना है कि उनके आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और आम जनता में भारी उत्साह है।

**मेरठ से है गहरा रिश्ता :** प्रभारी मंत्री ने अपनी जिंदगी के सबसे खूबसूरत पन्नों को पलटते हुए बताया कि मेरठ की धरती ने ही उन्हें गृहस्थ जीवन का आशीर्वाद दिया। तीन अक्तूबर 1997 को ज्योत्सना के साथ उनका विवाह इसी पोस्टिंग के दौरान हुआ था, इसलिए उनकी पत्नी आज भी मेरठ को अपनी ससुराल मानती हैं। यही नहीं, उनके छोटे बेटे अमन का जन्म भी साल 2002 में मेरठ की ही पावन धरा पर हुआ था।

## गृह कलह से तंग उभरते कबड्डी खिलाड़ी ने फांसी लगाकर दी जान

**रबूपुरा (शिखर समाचार)।** गांव निलौनी में शुक्रवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां रहने वाले 25 वर्षीय युवक पवन कुमार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पवन कबड्डी का उभरता हुआ खिलाड़ी था और उसका चयन उत्तर प्रदेश राज्य लीग के लिए भी हो चुका था। परिजनों के अनुसार, वह पिछले कुछ समय से गृह कलह के कारण गहरे तनाव में था। जानकारी के अनुसार पवन कुमार का विवाह करीब दो माह पहले ही हुआ था। शुक्रवार रात वह रात 11 बजे तक अपने दोस्तों के साथ था। इसके बाद वह घर लौटा। रात में ही उसने यह कदम उठा लिया। परिजनों को प्रातः उसका शव पंखे से लटकता मिला।



मृतक पवन कुमार का फाइल फोटो

ग्रामीणों ने बताया कि पवन कबड्डी के क्षेत्र में प्रतिभाशाली खिलाड़ी के रूप में पहचाना जाता था। वह आने वाले समय में राज्य स्तर पर अपनी छाप छोड़ना चाहता था, लेकिन पारिवारिक कलह के चलते वह मानसिक रूप से टूट गया। गौरतलब है कि घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई। परिजनों ने बिना किसी कानूनी औपचारिकता के आनन फानन में उसका अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस ने अभी इस मामले में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। यह घटना क्षेत्र में शोक की लहर पैदा कर गई है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर न्यायाधीशों ने रोपे पौधे, स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता हुई

**बिजनौर (शिखर समाचार)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद न्यायालय परिसर तथा विभिन्न शिक्षण संस्थानों में पर्यावरण संरक्षण को लेकर व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जनपद न्यायालय परिसर में जनपद न्यायाधीश, न्यायिक अधिकारियों तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव द्वारा सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान परिसर में अमरूद, आम, जामुन और आंवला जैसे विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधे रोपे गए। जनपद न्यायाधीश संजय कुमार सप्तम ने पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को अपने घरों व कार्यालयों के आसपास अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर न्यायालय के समस्त न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी तथा अधिवक्ता उपस्थित रहे। वहीं, विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में बिजनौर स्थित आदर्श शिक्षा पब्लिक स्कूल (जनता शिक्षण विद्यालय) में एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर की सचिव स्वाति चन्द्रा, उत्तर प्रदेश प्रदूषण बोर्ड के वैज्ञानिक सहायक प्रमोद सेमवाल, जेआरएफ (अनुसंधान साथी) नारायण दत्त पाठक तथा अंशु यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या गार्गी ठाकुर के निर्देशन में छात्रों के लिए एक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।




## जानसठ और बुढ़ाना तिराहे बने रोडवेज बसों के वैकल्पिक स्टैंड, यात्री बेहाल

**खतौली/मुजफ्फरनगर (शिखर समाचार)** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 58 पर स्थित कस्बा खतौली में अपना बस स्टैंड होने के बावजूद जानसठ एवं बुढ़ाना तिराहे वैकल्पिक बस स्टैंड बनकर रह गए हैं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। क्षेत्र के लोग उपलब्ध यातायात सुविधाओं के बावजूद मूलभूत सुविधाओं के अभाव में जूझ रहे हैं।

खतौली में रोडवेज का बस स्टैंड होने के साथ ही यहाँ कार्यशाला एवं सक्षम अधिकारी की तैनाती भी है, फिर भी आदेश के बावजूद सभी बसें नगर के अंदर से नहीं गुजरतीं। उत्तर प्रदेश रोडवेज ही नहीं, बल्कि हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली सहित अन्य राज्यों की अधिकांश बसें बाईपास मार्ग से ही चलाई जा रही हैं। ये बसें न केवल रात्रि में, बल्कि दिन में भी बाईपास से गुजरती हैं, जबकि अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि रात्रि में बसें नगर के अंदर से ही चलाई जाएँ।

बाईपास मार्ग बनने के बाद अब तक कई बार बसों को रात्रि में भीतरी मार्ग से चलाने के लिए आंदोलन और शासन प्रशासन को पत्र लिखे जा चुके हैं, परंतु स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। यह कहावत चरितार्थ होती नजर आ रही है कि ज्यों ज्यों दवा की, त्यों त्यों बीढ़ी बढ़ती गई। कस्बे में खतौली बस स्टैंड के अलावा फलावदा मवाना, घटायन मीरांपुर तथा शाहपुर बस स्टैंड भी हैं, जहाँ से निजी बसों का परिचालन होता है। परंतु रोडवेज की तरह ही इन मार्गों पर भी बसों की कमी आम समस्या है, जो देर शाम विकराल हो जाती है। घटायन मार्ग को छोड़कर शेष सभी मार्गों की बसें सड़क किनारे ही खड़ी रहती हैं। मवाना फलावदा मार्ग की बसें जानसठ रोड स्थित रेलवे पुल के नीचे, मीरांपुर की बसें मंदिर के पास सड़क पर, जानसठ मोरना की बसें जानसठ मार्ग पर पानी की टंकी के पास तथा शाहपुर की बसें ग्रैंड ट्रंक मार्ग के किनारे आर्य समाज के निकट खड़ी होती हैं।





**जानसठ बुढ़ाना तिराहा बना वैकल्पिक स्टैंड**

कस्बे में जानसठ एवं बुढ़ाना तिराहा अब वैकल्पिक रोडवेज बस स्टैंड बनकर रह गया है। यहाँ बसें खड़ी होने से यात्रियों के साथ साथ ई रिक्शा चालकों को भी लाभ मिलता है, लेकिन इन तिराहों पर बसों के खड़े होने से जाम की स्थिति पैदा होना स्वाभाविक हो गया है। हालाँकि यहाँ नगर पालिका द्वारा वेंडिंग जोन के बोर्ड लगाए गए हैं तथा यातायात सुचारू रखने के लिए चौबीसों घंटे पुलिस बल तैनात है, फिर भी समस्या बनी हुई है।

**शौचालय सुविधा का अभाव, महिलाएं परेशान**

रोडवेज बस स्टैंड पर शौचालय की सुविधा नाममात्र की है, जिस पर किसी का ध्यान नहीं जाता। इससे यात्रियों, विशेषकर महिलाओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। प्रशासन से मांग है कि वैकल्पिक स्टैंडों की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए तथा मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जाए।

# प्रभारी मंत्री ने सूरजपुर आर्द्रभूमि में पौधरोपण कर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का किया शुभारंभ

**ग्रेटर नोएडा (शिखर समाचार)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश सरकार द्वारा एक ही दिन में 5 करोड़ पौधे रोपने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके अंतर्गत जनपद गौतमबुद्धनगर में कुल 1,21,000 पौधों का रोपण किया गया।

इस अभियान में नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के साथ-साथ कृषि विभाग, उद्यान विभाग, वन विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, पंचायती राज विभाग तथा नगर विकास विभाग ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए पौधरोपण कार्य संपादित किया।

**सूरजपुर आर्द्रभूमि में मुख्य कार्यक्रम**

जनपद का मुख्य कार्यक्रम सूरजपुर आर्द्रभूमि (वेटलैंड) में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौतमबुद्धनगर के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने मौलश्री का पौधा रोपित कर वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने जनपदवासियों से मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप विश्व पर्यावरण दिवस को जन-आंदोलन के रूप में मनाते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता है तथा प्रकृति को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने सभी नागरिकों, स्वयंसेवी संस्थाओं,




शैक्षणिक संस्थानों, आवासीय कल्याण संघों (आरडब्ल्यूए) एवं अधिकारियों से ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान के तहत कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने का आग्रह किया।

**जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने भी दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

वृक्षारोपण कार्यक्रम में दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर, भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, विद्यालय एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के अधिकारी, वीआईएएफ फाउंडेशन के पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

विशिष्ट अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विगत वर्षों से निरंतर व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उनके संरक्षण एवं संवर्धन की जिम्मेदारी भी हम सभी की है।

जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से वृक्षारोपण अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस अभियान में कृषकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसान संबंधित विभागों से निःशुल्क पौधे प्राप्त कर अपने खेतों एवं आसपास के क्षेत्रों में अधिकाधिक वृक्षारोपण करें।

**वृक्ष भंडारे का शुभारंभ व पौधों का वितरण**

कार्यक्रम के समापन से पूर्व मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा ह्यवृक्ष भंडारेह्न का शुभारंभ किया गया तथा स्वयंसेवी संस्थाओं, छात्र-छात्राओं एवं गणमान्य नागरिकों को तुलसी, नींबू, अमरूद सहित विभिन्न फलदार प्रजातियों के पौधों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रभागीय वनाधिकारी, गौतमबुद्धनगर ने प्रभारी मंत्री, विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष, समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं उपस्थित गणमान्य नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## मुफ्त में सब्जी न देने पर सब्जी विक्रेता के घर फायरिंग, आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मोदीनगर (शिखर समाचार)।** कोतवाली क्षेत्र के फफराना गांव में मुफ्त में सब्जी न देने पर एक युवक द्वारा सब्जी विक्रेता के घर पर फायरिंग किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में किसी के हताहत न होने से बड़ा हादसा टल गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार फफराना निवासी अनिल कुमार ठेले पर सब्जी बेचने का काम करता है। बताया गया है कि गुरुवार शाम वह सब्जी बेचकर अपने घर लौट रहा था। रास्ते में गांव का ही अमित उसे मिला और उससे मुफ्त में सब्जी देने की मांग की। अनिल द्वारा इनकार किए जाने पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि अमित ने अनिल के साथ अभद्रता करते हुए झगड़ा शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने हस्तक्षेप कर दोनों को शांत करा दिया। पीड़ित का आरोप है कि रात में अमित तमंचा लेकर उसके घर पहुंच गया और कई राउंड फायरिंग कर दी। फायरिंग से इलाके में दहशत फैल गई। गोलियों के निशान घर की दीवार पर बने हुए हैं। घटना के समय परिवार के सदस्य घर में मौजूद थे, लेकिन सौभाग्य से किसी को गोली नहीं लगी। पुलिस का कहना है कि अनिल कुमार की तहरीर के आधार पर आरोपी अमित निवासी फफराना के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है तथा आरोपी की तलाश की जा रही है।

## डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ विधायक ने किया पौधारोपण



**रबूपुरा (शिखर समाचार)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जेवर विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह ने "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत रबूपुरा स्थित शांति देवी राजकीय महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। इस दौरान उन्होंने छात्र–छात्राओं को एक पौधा लगाकर उसे वृक्ष के रूप में विकसित करने का संकल्प दिलाया। विधायक धीरेंद्र सिंह ने पर्यावरण संरक्षण, ग्लोबल वार्मिंग से बचाव तथा समाज में हरियाली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में पेड़ों को केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन और लोककल्याण का प्रतीक माना गया है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय असंतुलन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनका संरक्षण करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे अपनी मां के सम्मान और धरती माता के संरक्षण के लिए कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं तथा उसकी देखभाल कर उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित रखें। इस अवसर पर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के ओएसडी शैलेंद्र सिंह, अशोक तोमर, उदयवीर सिंह, गोपाल, मौज्जम खान तथा महाविद्यालय के शिक्षक एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## जीडीए का अवैध निर्माण पर बड़ा प्रहार : भारी विरोध के बीच 44 बीघे में काटी जा रही कॉलोनी सहित कई निर्माण ध्वस्त

**आरव शर्मा**

**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।**

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने अवैध निर्माण और अनाधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए शुक्रवार को बड़ी ध्वस्तीकरण कार्रवाई की। प्रवर्तन जोन-3 की टीम ने डासना देहात, कल्लुगढ़ी और मटियाला क्षेत्र में अभियान चलाकर बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया। इस दौरान स्थानीय निर्माणकताओं ने भारी हंगामा और विरोध किया, लेकिन प्राधिकरण और स्थानीय पुलिस बल ने हालात पर काबू पाते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को सफलतापूर्वक पूरा किया।

**44 बीघे और 9000 वर्गमीटर में हो रहे निर्माण पर चला बुलडोजर**

जीडीए उपाध्यक्ष के सख्त निदेशों के क्रम में प्रभारी प्रवर्तन जोन-03 के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। टीम ने ग्राम डासना देहात और कल्लुगढ़ी में खसरा संख्या-1618, 1619, 1620, 1627, 1628, 1629 व 1630 पर लगभग 44 बीघे जमीन पर मोहम्मद दानिश और नितिन द्वारा काटी जा रही अवैध कॉलोनी को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया।

इसके साथ ही, मटियाला में कनौजा की ओर जाने वाले मार्ग पर (खसरा संख्या-8 व 9) लगभग 9000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग और विकास कार्य किए जा रहे थे। जीडीए की टीम ने यहां धनेश कुमार (पुत्र राम अवतार), चमन प्रकाश (पुत्र किशन चन्द), मनोज चौधरी, सुशील चौधरी, अनिल वर्मा और अजय



वर्मा (पुत्रगण काशी राम) व अन्य सहखातेदारों द्वारा किए गए अनाधिकृत निर्माण को भी ढहा दिया।

**विरोध के बावजूद नहीं रुकी कार्रवाई**

अभियान के तीसरे चरण में जल निगम रोड स्थित कल्लुगढ़ी के पास डासना (खसरा संख्या-1630) में लगभग 250 वर्गमीटर क्षेत्रफल में रवि शंकर शर्मा (पुत्र विनोद) द्वारा किए जा रहे भवन निर्माण कार्य को भी ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान भूमाफियाओं और स्थानीय लोगों ने पुलिस-प्रशासन का कड़ा विरोध किया। स्थिति को तनावपूर्ण होता देख प्राधिकरण पुलिस बल ने मोर्चा संभाला और प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित कर कार्रवाई जारी रखी।

इस पूरी ध्वस्तीकरण कार्रवाई के दौरान मौके पर जीडीए के सहायक अभियंता, अवर अभियंता, सभी सुपरवाइजर/मेट के साथ-साथ स्थानीय पुलिस और प्राधिकरण पुलिस बल भारी संख्या में मौजूद रहा। जीडीए अधिकारियों का कहना है कि अवैध निर्माण के खिलाफ यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# राज्यसभा सांसद ने पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

**ग्रेटर नोएडा (शिखर समाचार)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत करते हुए शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-16बी स्थित हरित पट्टी (ग्रीन बेल्ट) में पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण देना हम सभी की जिम्मेदारी और दायित्व दोनों है। सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए।

विशेष सचिव (ओएसडी) अभिषेक पाठक और गिरीश कुमार झा की उपस्थिति में सांसद ने इस हरित पट्टी को ह्यपीएम वनह्न नाम दिया। इस स्थान पर सांसद की ओर से प्रतिमाह 30 पौधे लगाए जाएंगे। सांसद ने पौधों की नियमित देखभाल करने तथा एक ही स्थान पर एक जैसी पौध प्रजाति लगाने पर बल दिया।

शुक्रवार को प्राधिकरण ने सेक्टर-10 स्थित कोको काउंटी के पास तथा मिलक लच्छी स्थित हरित पट्टी में भी पौधरोपण किया। इन स्थानों



पर पिलखन, अमलतास, गुलमोहर, नीम और जामुन जैसी प्रजातियों के पौधे लगाए गए। ग्रेटर नोएडा की विभिन्न आवासीय कल्याण संघों (आरडब्ल्यूए) और सामाजिक संगठनों ने भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

प्राधिकरण द्वारा इस वर्ष लगभग 1.34 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एनजी रवि कुमार ने उद्यान विभाग को निर्धारित लक्ष्य से अधिक पौधे लगाने के निर्देश दिए हैं। वहीं, प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एसीईओ) श्रीलक्ष्मी वीएस ने जन सहभागिता के माध्यम से ग्रेटर नोएडा को और अधिक हरा-भरा बनाने की अपील की। उन्होंने घरों, सड़कों के किनारे, पार्कों और हरित पट्टियों में पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। पौधरोपण अभियान के दौरान उद्यान विभाग के उप महाप्रबंधक (डीजीएम) एसके जैन, सहायक निदेशक (उद्यान) नथोली सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक रामकुमार, श्यामा प्रसाद तथा सहायक अभियंता हरिंदर सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बस अड्डे के पास से निजी बस की बैटरी चोरी, पुलिस से शिकायत के बावजूद खुलासा नहीं

**रबूपुरा (शिखर समाचार)** कस्बे के बस अड्डे के निकट खड़ी एक निजी बस से अज्ञात चोरों द्वारा बैटरी चुराए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित बस स्वामी ने स्थानीय पुलिस को लिखित शिकायत देकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। हालाँकि, आरोप है कि इससे पहले भी इसी क्षेत्र में कई बसों से बैटरी चोरी की घटनाएँ हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस अब तक किसी भी मामले का पदार्फाश नहीं कर सकी है। कस्बे के आजाद नगर मोहल्ले के निवासी इकराम ने पुलिस को दी गई लिखित शिकायत में बताया कि उनकी बस रबूपुरा–बुलंदशहर मार्ग पर संचालित होती है। बृहस्पतिवार की रात उन्होंने अपनी बस कस्बे के मिजार्पुर मार्ग पर खड़ी की थी। इसी दौरान किसी ने बस की खिड़की का ताला तोड़कर उसमें लगी बैटरी चुरा ली। पीड़ित के अनुसार, पिछले पंद्रह दिनों में यह दूसरी घटना है, जब उनकी बस से बैटरी चोरी हुई हो। इससे पहले भी क्षेत्र में अन्य बसों के साथ ऐसी वारदातें होती रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बार–बार होने वाली इन घटनाओं से बस संचालकों में रोष है। उनका आरोप है कि शिकायत मिलने के बावजूद पुलिस अब तक न तो किसी चोर को गिरफ्तार कर सकी है और न ही किसी वारदात का खुलासा कर पाई है। फिलहाल पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही है, लेकिन संबंधित थाने से इस बारे में कोई आधिकारिक वक्तव्य सामने नहीं आया है।

## एचपीडीए वीसी मुकेश चंद्र और विधायक विजयपाल आढ़ती ने एक पेड़ मां के नाम अभियान को दी नई पहचान



**हापुड़ (शिखर समाचार)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा ई-ब्लॉक, आनंद विहार में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक विजयपाल आढ़ती और एचपीडीए के उपाध्यक्ष मुकेश चंद्र ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। विधायक विजयपाल आढ़ती ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने प्रकृति और मातृ सम्मान के प्रतीक इस अभियान को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। वहीं एचपीडीए उपाध्यक्ष मुकेश चंद्र ने कहा कि प्राधिकरण हरित एवं स्वच्छ शहरों के निर्माण के लिए लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण जैसे अभियान पर्यावरण संतुलन को मजबूत करने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में एचपीडीए के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। अभियान के माध्यम से लोगों को वृक्षों के महत्व, वायु गुणवत्ता में सुधार, जलवायु परिवर्तन से बचाव तथा हरित भविष्य के प्रति जागरूक किया गया। एचपीडीए का यह सराहनीय प्रयास पर्यावरण संरक्षण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को जनभागीदारी के माध्यम से नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है।

# नोएडा लोकमंच के पहला कदम और वर्ल्ड मलयाली काउंसिल ने पर्यावरण दिवस पर लगाई हरित अलख





**नोएडा (शिखर समाचार)।** नोएडा लोकमंच के पहला कदम अभियान तथा वर्ल्ड मलयाली काउंसिल, उत्तर प्रदेश प्रांत के सहयोग से विश्व पर्यावरण दिवस पर नोएडा पब्लिक लाइब्रेरी, सेक्टर-15 में भव्य कार्यक्रम हुआ। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित जीवनशैली और पौधारोपण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। मुख्य वक्ता आनंद मोहन सिंह, निदेशक (उद्यान), नोएडा प्राधिकरण ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखते हैं और जीवन को स्वस्थ बनाते हैं। उन्होंने सभी से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। विशिष्ट वक्ता डॉ. श्रीराज सोमराजन, वरिष्ठ आयुर्वेदिक चिकित्सक, महर्षि आयुर्वेद अस्पताल एवं सीएमओ, महर्षि वेलनेस क्लिनिक, नोएडा ने आयुर्वेद और पर्यावरण के गहरे संबंधों को समझाया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ पर्यावरण के बिना स्वस्थ समाज संभव नहीं। वर्ल्ड मलयाली काउंसिल, उत्तर प्रदेश प्रांत के सदस्यों ने पर्यावरण संदेश को जन-जन तक पहुंचाने और सामुदायिक हरित पहल को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। राजस्थान कल्याण परिषद से जुड़े अरविंद सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों और नागरिकों ने मिलकर केक काटा और यह दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पौधा विनिमय गतिविधि रही, जिसमें करीब 100 से 200 पौधों का आदान प्रदान हुआ। इस पहल ने लोगों को पौधों के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथियों में सी.ए. अनुप जयरथ, ओ.पी. पारीक, राम शरण गौर, राजेश श्रीवास्तव, नोएडा लोकमंच के महासचिव महेश सक्सेना, रेनू छिब्बर, लीका सक्सेना, विभा बंसल, राजेश्वरी त्यागराजन, सुनीता खटाना सहित कई गणमान्य नागरिक और पर्यावरण प्रेमी शामिल हुए। महेश सक्सेना ने स्वागत संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण एक दिन का विषय नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने पौधों के संरक्षण और संवर्धन का संकल्प दिलाया। सभी ने प्लास्टिक प्रदूषण कम करने, अधिक वृक्ष लगाने और पर्यावरण बचाने को जन आंदोलन बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। नोएडा लोकमंच एवं वर्ल्ड मलयाली काउंसिल का यह प्रयास पर्यावरणीय चेतना को मजबूत करने और हरित भविष्य के निर्माण में एक सार्थक 'पहला कदम' बना।

## मजदूरों से भरी बस डिवाइडर से टकराई, एक की मौके पर मौत, बत्तीस से अधिक घायल

**नगीना/बिजनौर (शिखर समाचार)।** जनपद लखीमपुर खीरी से मजदूरों को लेकर देहरादून जा रही एक निजी बस शुक्रवार तड़के नगीना कोतवाली मार्ग पर ग्राम रोशनपुर के पास अनियंत्रित होकर मार्ग विभाजक (डिवाइडर) से टकरा गई। इस भीषण दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बत्तीस यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को बस से बाहर निकाला और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। घायल मजदूर बबलू ने बताया कि बस में लगभग सत्तर मजदूर सवार



थे, जिनमें राजमिस्त्री, पेंटर और बढ़ई शामिल थे। सभी लखीमपुर–खीरी से हरिद्वार और देहरादून मजदूरी के लिए जा रहे थे। यात्रियों का आरोप है कि दुर्घटना से कुछ समय पहले ही बस का मुख्य चालक परिचालक (कंडक्टर) को स्टीयरिंग सौंपकर स्वयं सोने चला गया। परिचालक की लापरवाही और उसके कम अनुभव के कारण तड़के अचानक बस पर से नियंत्रण खो गया और वह सीधे मार्ग विभाजक में जा घुसी। दुर्घटना में जान गंवाने वाले मजदूर की पहचान राकेश (तीस वर्ष) पुत्र शंभू के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे शवपरीक्षा (पोस्टमार्टम) के लिए भेज दिया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद ग्यारह गंभीर रूप से घायलों – रूबी, पंकज, उमेश, सोनू, प्रमोद, आकाश, संदीप, अमन, रामप्रसाद, अंगद, गंगासागर और गोलू को चिंताजनक हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। शेष घायलों का उपचार स्थानीय अस्पताल में जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर संगोष्ठी एवं सफाई अभियान का आयोजन

**शामली (शिखर समाचार)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को शहर के ग्लोबल शांति केयर चिकित्सालय (हॉस्पिटल) में भारत तिब्बत सहयोग मंच, शाखा शामली के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण विषय पर संगोष्ठी एवं सफाई अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंच के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष कुशांक चौहान ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति बीमार पड़ता है और उसे ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है, तभी स्वच्छ पर्यावरण और वृक्षों के महत्व का वास्तविक एहसास होता है। यदि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा



लगाए और उसकी देखभाल करे, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा योगदान दिया जा सकता है।

उन्होंने लोगों से अपने घर, गली और मोहल्लों को स्वच्छ रखने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे के पूरक हैं। इसके बाद मंच के पदाधिकारियों और चिकित्सकों ने संयुक्त रूप से रामपुरम कॉलोनी, कैराना रोड क्षेत्र में सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम में सचिव अक्षय कुमार, सुरेंद्र कुमार, सौरभ, विशाल कुमार, अनुज कुमार, विपिन चौहान, भोपाल चौहान, कुलदीप कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने का संकल्प भी लिया।

# नगर पंचायत परिसर में पौधरोपण कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**बुढ़ाना/मुजफ्फरनगर (शिखर समाचार)** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुढ़ाना नगर पंचायत परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

नगर पंचायत में शुक्रवार को पर्यावरण दिवस मनाते हुए अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन एवं लिपिक सतीश कुमार ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन ने कहा कि स्वच्छता एवं हरित वातावरण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र में हरियाली को बढ़ावा देना और



पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाना है। पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी निरंतर देखभाल और संरक्षण भी आवश्यक है। एक स्वच्छ, स्वस्थ और हरित वातावरण के निर्माण के लिए जन भागीदारी बेहद जरूरी है।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सफाई मित्रों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण तथा नियमित देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर सुमित शर्मा, शाह आलम, दिनेश सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विजयनगर के अंदर हुई युवती की हत्या, पुलिस जांच में जुटी

**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** थाना विजयनगर थाना क्षेत्र के अंदर रेलवे स्टेशन के पास अंश नमक होटल में एक युवती का शव पुलिस को संदिग्ध अवस्था में मिली है। शव मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। होटल में मिले हुए शव की पहचान 17 वर्षीय रश्मी के रूप में हुई है। वहीं पुलिस ने पूरे प्रकरण में एक युवक नदीम को हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। एसीपी उपासना पाण्डेय ने बताया कि थाना विजयनगर पर एक होटल के कर्मचारी द्वारा सूचना दी गई कि होटल के एक कमरे में एक युवती ने आत्महत्या कर ली गई है। सूचना मिलते ही तत्काल थाना विजयनगर पुलिस मौके पर पहुँची और दरवाजा तोड़कर शव को अपने कब्जे में लिया


रश्मी

गया। प्रथम दृष्टिय प्रतीत हो रहा है कि युवती ने आत्महत्या की है। युवती के परिजनों को सूचित कर दिया गया है और शव के पोस्टमार्टम की कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। प्रकरण में आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने हेतु एक युवक को हिरासत में लिया गया है और आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद युवती की मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

